उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
निकट- महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट-www.sssc.uk.gov.in ई-मेल-chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः- 226 /गोपन/2024-25 दिनांकः24 अगस्त, 2024

संवाद

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या-50/उ0अ0से0च0आ0/2023 दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 में इंटरमीडिएट स्तर (परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप-आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड-3, गृहमाता, हाउस कीपर(महिला)) के पदों की लिखित परीक्षा दिनांक 30 जून, 2024 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक आयोजित की गयी थी।

उक्त विज्ञापन में विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों को समाहित (Club) किया गया है, जिनमें कतिपय पदों का परीक्षा परिणाम केवल लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर जारी किया जाना था, तदनुसार अभ्यर्थियों की वरीयता के दृष्टिगत उक्त पदों का परीक्षा परिणाम दिनांक 14 अगस्त, 2024 को लिखित परीक्षा के आधार पर जारी किया गया है।

उक्त विज्ञापन में विज्ञापित आबकारी सिपाही पद का अंतिम परीक्षा परिणाम शारीरिक माप-जोख एवं दक्षता परीक्षा के प्राप्तांक व लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर जारी किया जायेगा।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव